दैनिक भास्कर
13-Mar-2020
सवाई माधोपुर Page 4

एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में दी जानकारी

नसं | सवाई माधोपुर

शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत मार्च माह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के समन्वक एवं सचिव प्रो. प्रेम सोनवाल ने बताया कि इस दौरान क्लब की मासिक बैठक का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इसके बाद साझेदार राज्य असम के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें छात्रों ने असमिया भाषा में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर असम राज्य के पर्यटन स्थल मानस राष्ट्रीय उद्यान के बारे में जानकारी चस्पा की गई। इसके पश्चात छात्रों को एक असमिया फिल्म दिखाई गई और असमिया भाषा को सीखने के लिए छात्रो को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर असम राज्य के खान-पान एवं वेषभूषा को जानने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए जिला संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. हरिचरण मीना एवं सह आचार्य डॉ. ज्योत्सना शर्मा ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत छात्रों को भारत के अन्य राज्यों में संस्कृति, कला, इतिहास, भाषा एवं पर्यटन स्थल की जानकारी मिलती है, जिसमें विविधता में एकता प्रकट होती है। कार्यक्रम में एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस भी मनाया गया। इसके पश्चात छात्रो को कोरोनावायरस से अपने आप को सुरक्षित रखने के उपाय बताए गए और इसके बारे में लोगो को जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मीठालाल मीना, प्रो. मो. शाहिद जैदी सहित महाविद्यालय के कई कर्मचारियों एवं छात्रों ने भाग लिया।

सवाई माधोपुर | पीजी कॉलेज में असम राज्य के बारे में जानकारी प्राप्त कर असमिया भाषा में राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते विद्यार्थी।